166. राजस्थान में जिन पवनों से शरद कालीन वर्षा होती है वे है

(a) उत्तरी पूर्व व्यापारिक पवनें (b) दक्षिणी पश्चिमी मानसून
(c) मध्य सागरीय चक्रवात (d) टायफून

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

167. बनास बेसिन राजस्थान के किस भौगोलिक विभाजन का हिस्सा है?

(a) पश्चिमी रेतीले मैदान
(b) अरावली पर्वतमाला और पहाड़ी क्षेत्र
(c) पूर्वी मैदान
(d) हाड़ौती पठार

Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022

Ans. (c) : बनास नदी बेसिन राजस्थान के पूर्वी मैदानी प्रदेश का हिस्सा है। मध्य माही बेसिन, चम्बल बेसिन और बाणसागर बेसिन भी पूर्वी मैदानी प्रदेश का हिस्सा है। इस मैदानी प्रदेश के अन्तर्गत भरतपुर, अलवर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, जयपुर दौसा तथा भीलवाड़ा जिले के मैदानी भाग सम्मिलित हैं। बनास नदी राजस्थान में बहने वाली प्रमुख नदी है जो चंबल नदी की सहायक नदी है।

168. सिरोही जिले में तीव्र ढाल युक्त एवं ऊबड़-खाबड़ पहाड़ियों का स्थानीय नाम है-

(a) गिरवा (b) भाकर
(c) भोराट (d) थली

JEN Civil Diploma 21.08.2016
कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022

Ans. (b) : सिरोही जिले में तीव्र ढाल युक्त एवं ऊबल-खाबड़ पहाड़ियों को स्थानीय भाषा में 'भाकर' कहते हैं, वहीं 'गिरवा' उदयपुर बेसिन में तश्तरीनुमा आकार को कहते हैं।

169. निम्नलिखित में से कौन सा (भू-आकृति-जिला/जिलें) सुमेलित नहीं है?

(a) गिरवा - उदयपुर
(b) भाकर - डूंगरपुर और बांसवाड़ा
(c) बाप बोल्डर - जोधपुर
(d) बृहद सीमा भ्रंश - बूंदी और सवाइ माधोपुर

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (b) : सही सुमेलन इस प्रकार है-

	भू-आकृति		जिला
(i)	गिरवा	-	उदयपुर
(ii)	भाकर	-	सिरोही
(iii)	बाप बोल्डर	-	जोधपुर
(iv)	वृहद सीमा भ्रंश	-	बूँदी एवं सवाई माधोपुर
(v)	पुष्प क्षेत्र	-	डुंगरपुर व बासवाड़ा

170. 70° पूर्वी देशांतर………….. जिले से होकर गुजरता है।

(a) जैसलमेर (b) धोलपुर
(c) नागौर (d) जोधपुर

RPSC RAS/RTS 2009
कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (a) 70° पूर्वी देशांतर रेखा जैसलमेर जिले से होकर गुजरती है। राजस्थान 69°, 30° पूर्वी देशान्तर से 78° 17' पूर्वी देशान्तर के मध्य में स्थित है।

171. लाठी सीरीज क्या है?

(a) एक खनिज पट्टी (b) भौगोलिक बैल्ट
(c) वन्यजीव श्रृंखला (d) पशु श्रृंखला

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (b) राजस्थान के जैसलमेर जिले में पाकिस्तानी सीमा के किनारे 60 किमी. लम्बे भौगोलिक बेल्ट का नाम लाठी सीरीज है। यह एक भूगर्भीय जल पट्टी है। इस क्षेत्र में सेवण-नामक घास पायी जाती है।

172. लाठी श्रृंखला क्या है?

(a) गाय की एक प्रजाति (b) खनिज पट्टी
(c) भूगर्भिय जलपट्टी (d) वन्यजीव श्रृंखला

RPSC RAS/RTS 2006-07

Ans. (c) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

173. अरावली किस प्लेट से अलग हुई?

(a) सोमाली प्लेट (b) सुंडा प्लेट
(c) यूरेशियन प्लेट (d) अरेबियन प्लेट

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (c) अरावली पर्वत विश्व की सबसे प्राचीनतम पर्वत श्रृंखला है और इसका निर्माण तब हुआ है जब भारतीय प्लेट और यूरेशियन प्लेट समुद्र से अलग हो गए थे। यह राजस्थान को उत्तर से दक्षिण दो भागों में बाँटती है। अरावली का सर्वोच्च पर्वत शिखर सिरोही जिले में 'गुरूशिखर' है।

174. निम्नलिख्ति में से कौन सा राजस्थान के अर्द्धशुष्क मैदान भौतिक प्रदेश में सम्मिलित नहीं हैं?

(a) गोडवाड़ प्रदेश (b) शेखावटी प्रदेश
(c) जोधपुर उच्च भूमियां (d) घग्गर मैदान

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (c) जोधपुर उच्च भूमियाँ राजस्थान के अर्द्धशुष्क मैदान भौतिक प्रदेश में सम्मिलित नहीं है।
राजस्थान के अर्द्धशुष्क मैदान (बांगर) को चार लघु प्रदेशों में बाँटा गया है।
1. घग्गर क्षेत्र
2. शेखावटी प्रदेश
3. नागौरी उच्च प्रदेश
4. गोडवाड़ या लूनी बेसिन प्रदेश

175. 'हाथी गुडा की नाल' दर्रा जोड़ता है-

(a) पाली और राजसमन्द को
(b) ब्यावर और पाली को
(c) उदयपुर और राजसमन्द को
(d) सिरोही और उदयपुर को

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (d) 'हाथी गुड़ा की नाल' दर्रा सिरोही को गोगुन्दा (उदयपुर) से जोड़ता है। मेवाड़ की पहाड़ियों में दो प्रमुख दर्रे स्थित है, देसूरी नाल एवं हाथी गुड़ा नाल का दर्रा। देसुरी नाल दर्रा देसुरी (पाली) को चारभुजा (राजसमंद) से जोड़ता है।